बच्चों को बचाने के लिए पिता ने तेज बहाव में लगायी छलांग

भोपाल। मध्य प्रदेश में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से आम लोगों की जिंदगी की तकलीफ बढ़ गयी है। राजधानी भोपाल के कई निचले इलाके पानी में डूब गए हैं और साल 2016 के बाद पहली बार कोलार डैम के गेट खोलने पड़े हैं। इस बीच भोपाल में एक दर्दनाक हादसे में एक पिता ने अपनी जान गवां दी। पेशे से ड्राइवर रिजवान कोलार के बाबा झिरी में अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने गये थे। यहां आई बाढ़ में उनके बच्चे डूबने लगे। रिजवान ने बहते पानी में छलांग लगा दी और बच्चों को बचा लिया, लेकिन वह खुद पानी में बह गये। 35 साल के रिजवान अपने पूरे परिवार के साथ पिकनिक मनाने गए थे। उनके साथ उनकी पत्नी और बच्चे, बहनोई और कुछ अन्य लोग भी थे। सभी कोलार डैम के बाबा झिरी के पास शाम लगभग 4.30 बजे सैर कर रहे थे। रिजवान और उसके बेटे उथले पानी में खेल रहे थे। अचानक जलस्तर बढ़ने लगा। रिजवान के बच्चे पानी में डूबने लगे। उनकी आवाज सुनकर रिजवान ने बहते पानी में छलांग लगा दी। मध्य प्रदेश

तीनों को बचाया पर खुद बहा

में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से जिंदगी ठहर गई है। राजधानी भोपाल में भारी बारिश लोगों के लिए मुसीबत बनकर आई है। शहर के निचले इलाके पानी में डूब गए हैं। 2016 के बाद पहली बार कोलार डैम के गेट खोलने पड़े हैं। हरदा में हुई बारिश ने जेल के कैदियों को मुश्किल में डाल दिया। इस बीच मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिन सूबे के लोगों पर भारी हैं। राज्य के 32 जिलों में भारी से बेहद भारी बारिश का अनुमान है। सोमवार से 48 घंटे के लिए मौसम विभाग ने रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल में पिछले तीन दिन से भारी बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश का सिलसिला सोमवार शाम तक जारी रहा, जिसके चलते आम जनजीवन ठप हो गया। रविवार सुबह से सोमवार शाम तक यहां 160 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। शहर के कई निचले इलाकों में पानी घुस गया है। कोलार, समर्धनगर और नेहरूनगर जैसे इलाके बुरी तरह प्रभावित हैं। 100 से ज्यादा परिवारों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। तीन साल में पहली बार कोलार डैम के गेट खोले गए हैं। क्षेत्र में भारी बारिश की वजह से डैम के 8 में से दो गेट खोल दिए गए हैं। सुखनी नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से सोमवार सुबह हरदा जिला जेल में पानी घुस गया, जिसके बाद 4 महिला कैदियों समेत 331 कैदियों को दूसरी बैरकों में शिफ्ट करना पड़ा। पिछले कुछ दिन से हो रही भारी बारिश के बाद यहां 9 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं।

रिजवान बच्चों के पास पहुंचा और उन्हें सहारा देकर पानी के बाहर निकाला लेकिन पानी के तेज बहाव में वह खुद को बहने से नहीं बचा सका। बता दें कि पिछले दो दिनों के अंदर मध्य प्रदेश में लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ आई है। कई इलाके में पानी में डूब गए हैं। इसी बारिश के पानी के चलते ही बाबा की झिरी में जलस्तर अचानक बढ़ गया और यह हादसा हुआ।

पाक में दूध पेट्रोल डीजल से भी महंगा

कराची। पाकिस्तान के कई शहरों में दूध की कीमतें मुहर्रम महीने के कारण आसमान छू रही हैं। पाक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कराची और सिंध प्रांत में दूध 140 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। सबसे मजेदार बात यह है कि यहां पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें दूध से कम हैं। पेट्रोल 113 रुपये और डीजल 91 रुपये प्रति लीटर है।

एक दुकानदार ने बताया, मांग बढ़ने से कराची शहर के कई इलाकों में दूध 120 से 140 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुहर्रम को देखते हुए शहर में कई जगहों पर स्टॉल लगाकर दूध, जूस और ठंडा पानी बेचा जा रहा है। यहां दूध की मांग ज्यादा होने के कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

बिकिनी में मलाइका का बोल्ड अंदाज

नयी दिल्ली। मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की फैशनिस्टा होने के साथ-साथ सोशल मीडिया की क्वीन भी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मलाइका की बोल्ड तस्वीरें और वीडियो वायरल रहते हैं। मलाइका ने अब अपनी एक बोल्ड थ्रोबैक तस्वीर शेयर की हैफोटो में मलाइका व्हाइट बिकिनी पहने हुए बीच पर बैठी दिखाई दे रही हैं।

हालांकि मलाइका की इस तस्वीर में सिर्फ उनकी बैक साइड ही दिखाई दे रही है। मलाइका के इस फोटो पर कई बॉलीवुड सेलिब्रेटीज कमेंट करके उनकी तारीफें कर रहे हैं। इनमें अर्जुन रामपाल की गर्लफ्रेंड गैब्रिएला और एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज शामिल हैं। हालांकि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो मलाइका को ट्रोल कर रहे हैं। लोग एक्ट्रेस की तस्वीर पर भद्दे और अश्लील कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में मलाइका को ऑस्ट्रिया में बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर संग हॉलीडे एन्जॉय करते हुए देखा गया था। मलाइका ने अपने वेकेशन से कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की थीं। मलाइका और अर्जुन कपूर को अक्सर ही एक साथ घूमते और हॉलिडे एन्जॉय करते हुए देखा जाता है। मलाइका और अर्जुन कपूर की केमिस्ट्री शानदार है। अर्जुन कपूर और मलाइका बॉलीवुड के चर्चित कपल में शुमार हैं। दोनों की शादी की खबरें भी चर्चा में रहती हैं, हालांकि दोनों अभी एक दूसरे को समय देना चाहते हैं।

काबुल में अमेरिकी दूतावास के पास धमाका

काबुल। अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी) पर 11 सितंबर 2001 में हुए हमले की 18वीं बरसी पर काबुल में अमेरिकी दूतावास के पास बुधवार तड़के धमाका हुआ। अभी तक किसी संगठन ने धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाके की जगह धुआं उठते देखा गया। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि यह एक तरह का रॉकेट ब्लास्ट था। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा तालिबान नेताओं के साथ शांति वार्ता रद्द करने के फैसले के बाद हुई। वार्ता 8 सितंबर को कैंप डेविड में होनी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने काबुल में 5 सितंबर को हुए कार धमाके में एक अमेरिकी सैनिक समेत 12 लोगों की मौत के बाद यह फैसला लिया था। इससे पहले अफगानिस्तान के मैडन वर्दक प्रांत में अमेरिका के एयरस्ट्राइक में 7 नागरिकों की मौत हो गई। यह हमला रविवार को हुआ था।

अयोध्या:सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत, एक गंभीर

अयोध्या। अयोध्या में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक महिला गंभीर घायल है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह ट्रक, रोडवेज बस और बोलेरो में भीषण भिड़ंत हुई। इस हादसे में बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और बोलेरो में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हादल गंभीर है। बताया जा रहा है सिवान के रहने वाले एक महिला सहित पांच लोग अमेठी जनपद के जगदीशपुर जा रहे थे, जहां कोतवाली अयोध्या के बूथ नंबर 4 के पास हाईवे पर भीषण हादसा हो गया। पुलिस ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने क्रेन को मदद बोलेरो का रेस्क्यू किया. इसके बाद बोलेरो से चार डेड बॉडी निकाली गयी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, कैंट डिपो की बस गोरखपुर जा रही थी। पुलिस ने मृतकों के परिवार को सूचित कर दिया है।

जांच एजेंसी केंद्र के इशारे पर कर रही है काम-चिदंबरम

नई दिल्ली। पूर्व वित्तमंत्री पी. चिदंबरम ने आज आरोप लगाया कि आईएनएक्स मीडिया मामला राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित है और जांच एजेंसी केंद्र के इशारे पर काम कर रही है। चिदंबरम ने दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष दायर अपने आवेदनों में बताया, ष्इस मामले में तत्काल आपराधिक कार्रवाई एक दुर्भावनापूर्ण मामला है, जोकि राजनीतिक प्रतिशोध से पैदा हुआ है। जांच एजेंसी केंद्र के इशारे पर काम कर रही है, जो कि याचिकाकर्ता की बेदाग छवि को धूमिल करना चाहती है। चिदंबरम ने हाईकोर्ट के समक्ष दो आवेदन पेश किए, जिनमें से एक जमानत के लिए था। इसके अलावा दूसरा आवेदन पांच सितंबर को निचली अदालत द्वारा पारित उस आदेश के खिलाफहै, जिसमें उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। चिदंबरम ने अपनी दलीलों में आगे कहा कि वह सरकार के राजनीतिक विरोधी हैं और यह राजनीतिक प्रतिशोध का एक स्पष्ट मामला है। पूर्व केंद्रीय मंत्री को पिछले गुरुवार को अदालत में पेश किए जाने के बाद विशेष सीबीआई न्यायाधीश अजय कुमार कुहर ने चिदंबरम को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने चिदंबरम द्वारा दायर किए गए आवेदनों को भी स्वीकार कर लिया था। इनमें जेड-श्रेणी की सुरक्षा के साथ एक खाट, बाथरूम के साथ एक अलग सेल और दवाओं की अनुमति मांगी गई थी। उन्होंने जेल में पश्चिमी शैली के शौचालय (इंग्लिश टॉयलेट) की भी मांग की थी। चिदंबरम ने आईएनएक्स मीडिया से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामले में समर्पण करने की अनुमति के लिए अदालत में एक और आवेदन दिया था। अदालत ने वित्तीय निगरानी एजेंसी को नोटिस जारी किया था और इस पर सुनवाई 12 सितंबर को होगी। इस दौरान चिदंबरम के वकील कपिल सिब्बल ने सुनवाई के दौरान कई दलीलें पेश की।

राजस्थान में ट्रक की टक्कर तीन युवकों की मृत्यु

जयपुर। राजस्थान में राजसमंद जिले के भीम थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार तीन युवको की मृत्यु हो गई। पुलिस के मुताबिक सांगावास निवासी देवेंद्र और किशोर सिंह एवं एक अन्य युवक कल रात्रि एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर भीम से सांगावास जा रहे थे कि राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर भीम के पास अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनो युवको की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतको के शवो को भीम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मंगलवार को मृतको के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कर्नाटक: सहपाठी का फोन चोरी करते पकड़े जाने पर छात्रा ने की खुदकुशी

यादगिर। कर्नाटक में यादगिर जिले के शाहपुर तालुक के अरालिहाली गाँव में बुधवार को 15 वर्षीय स्कूली छात्रा ने सहपाठी का फोन चोरी करते पकड़े जाने पर हुई ग्लानि के कारण खुदखुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि कि महादेवप्पा गर्ल्स हाईस्कूल, कलाबुरगी में कक्षा 10 की छात्रा लक्ष्मी महादेवप्पा ने सहपाठी का फोन चोरी करते पकड़े जाने के बाद ग्लानि के कारण कुएं में कूद कर जान दे दी। दो दिन पहले मोबाइल फोन चोरी करते हुए पकड़े जाने के बाद हॉस्टल वार्डेन ने उसे चेतावनी दी थी। इस घटना के बाद वह अपने गृह गांव गयी थी जहां उसने खुदखुशी कर ली। छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए यादगिर सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

उन्नाव कांड: पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए एम्स में लगी अस्थायी अदालत

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में बुधवार को उन्नाव बलात्कार मामले में पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए अस्थायी अदालत स्थापित की गई। यह अदालत एम्स के ट्रामा सेंटर में बनाई गई है। एम्स में अस्थायी अदालत जय प्रकाश नारायण अपेक्स ट्रामा केंद्र की प्रथम मंजिल के सेमिनार हाल में बनाई गई है। दिल्ली हाइकोर्ट ने आदेशानुसार इस बात के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं जिससे पीड़िता और आरोपी विधायक का आमना सामना न हो। पीड़िता के बयान लेने की प्रक्रिया बंद कमरे में हो रही है और इस दौरान किसी तरह की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की पूरी तरह मनाही है। कोर्ट ने एम्स प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हुए हैं। मामले की सुनवाई के दौरान एम्स के सेमिनार हाल में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद रहेंगे। गौरतलब है कि पीड़िता 28 जुलाई को जब अपने परिवार के साथ रायबरेली से उन्नाव वापस लौट रही थी तो जिस वाहन में वह और उसका परिवार सवार था उसे एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उसके दो परिजनों की मौत हो गई थी। वहीं पीड़िता इस दौरान गंभीर रुप से घायल हो गई थी।

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों से वीआईपी कल्चर खत्म

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अस्पतालों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने स्वास्थ्य विभाग को सरकारी अस्पताल में वीआईपी कल्चर खत्म करने का आदेश दिया है। अब दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में वीआईपी कमरे नहीं मिलेंगे। सभी नागरिकों को समान इलाज मिलेगा, लेकिन यह सबसे बेहतर होगा।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अस्पतालों में 13,899 बेड बढ़ाने का फैसला किया है। यह दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के मौजूदा बेड की संख्या से 120 प्रतिशत ज्यादा है। अभी दिल्ली में 11,353 बेड हैं।

इसके अलावा दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों को पूर्ण रूप से एसी बनाने की घोषणा की है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों को एसी करने

नहीं मिलेगा प्राइवेट रूम

के लिए काम किया जा रहा है।

इससे पहले मंगलवार को दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने एक रिपोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंपी थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि दिल्ली सरकार के 38 अस्पतालों में बेड्स की मौजूदा क्षमता 11,353 है. इसके अलावा 13,899 बेड्स की क्षमता को और जोड़ा जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि अगले छह महीने के अंदर 2800 बेड्स की क्षमता वाले तीन अस्पताल और चालू हो जायेंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं वाला द्वारका का इंदिरा गांधी हॉस्पिटल, जिसकी क्षमता 1241 बेड्स की है, पश्चिमी दिल्ली का सबसे बड़ा अस्पताल होगा।

रिपोर्ट में 772 और 600 बेड्स की क्षमता वाले दो अस्पताल, बुराड़ी और अंबेडकर नगर में जल्द बनकर तैयार होने की बात भी है। रिपोर्ट में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में नये अस्पतालों के निर्माण का जिक्र है। मंत्री सत्येंद्र जैन की रिपोर्ट के मुताबिक खिचड़ीपुर के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में एक नया मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक बनेगा, जिसमें 460 बेड्स होंगे। इसको कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

एलओसी पर आतंकी शिविर फिर से सक्रिय, घुस सकते है 257 आतंकवादी

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और अपनी बौखलाहट में वे कई पैंतरे अजमा रहा है अपने जेहादी मंसूबों को हवा देते हुए पाकिस्तान सेना और आईएसआईकी मदद से कश्मीर में बड़े पैमाने पर आतंकियों के घुसपैठ कराने की कोशिश में है। सुत्रों के मुताबिक एलओसी पर आतंकी शिविर फिर से सक्रिय हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सीमा पर स्थित सात आतंकी शिविरों में करीब 257 आतंकी घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश में हैं। आईएसआई ने सीमा पर अफगान और पश्तून सिपाहियों को तैनात किया है।

पाकिस्तान पहले से ही आतंकी फंडिंग और मनी लांड्रिंग के लिए फाइनेंशियल ऐक्शन टास्क फोर्स के ग्रे लिस्ट में शामिल है। इस लिस्ट से बाहर आने के लिए विशेषज्ञों की 20 सदसयीय दल को बौंकॉक भेजा है। पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद लश्कर-ए-तैयबा और भी अन्य आतंकी संगठनों को समर्थन देने के लिए एफ्टीएफ के रेडार में ग्रे लिस्ट में है। इसके अलावा एशिया पैसिफिक ग्रुप ने पाकिस्तान को मानदंड पूरा न करने पर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया है।बता दें कि पाकिस्तान ने लद्दाख के पास गिलगित बाल्टिस्तान में स्थित स्कर्दू हवाई अड्डे पर जेएफ-17 युद्ध विमानों को तैनात किया हुआ है।जिस पर भारतीय खुफिया एजेंसियां अपनी नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने लद्दाख के नजदीक अपनी चौकियों में भारी संख्या में हथियार और सैन्य समानों को इकट्ठा किया हुआ है। और शनिवार को पाकिस्तानी वायुसेना ने सी-130 हरक्यूलस विमानों ने सैन्य सामान को स्कर्दू हवाई अड्डे पर पहुंचाया है। बार-बार युद्ध के लिए धमकी देने वाला पाकिस्तान कई नए पैंतरेबाजी कर रहा है सीमा से सटे बाघ और कोटली सेक्टर में 2000 से ज्यादा सैनिकों को तैनात किया है। यह क्षेत्र नियंत्रण रेखा के पास स्थित है। सुत्रों ने बताया है कि इन सैनिकों को एलओसी के पास 30 किलोमीटर के दायरे में तैनात किय गया है पाकिस्तान ऐसा तब कर रहा है जब आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद ने अफगानों और स्थानियों को बड़ी संख्या में भर्ती करना शुरू किया है।

स्वामी ज्ञानमंडल लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.बी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञानमण्डल लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष २८ पूर्णांक संख्या ११४६३
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं. -२८५३२२२, २५२१५१६, २५२०६९६
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।

यूएई में भारतीय ने की पत्नी की हत्या

दुबई। संयुक्त अरब अमीरातमें एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने कहासुनी के बाद अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। 'खलीज टाइम्सश् के अनुसार यू.सी(43) नाम के शख्स ने अपनी पत्नी सी. विद्या चंद्रन (39) की अल-कोज की एक कार पार्किंग में सोमवार को हत्या कर दी। दम्पति के 16 और 5 वर्षीय दो बच्चे हैं, जो मृतका के माता-पिता के साथ केरल में रहते हैं। महिला के भाई विनयचंद्रन ने बताया कि उसकी बहन उनके साथ ओणम मनाने के लिए मंगलवार को आने वाली थी। खबर में विनयचंद्रन के हवाले से कहा गया, मेरी उससे दो दिन पहले ही बात हुई थी । वह ओणम के लिए घर आने और बच्चों से मिलने को बेहद उत्साहित थी।

जल्द पटरियों पर दौड़ेंगी डेढ़ किमी लंबी मालगाड़ियां

नयी दिल्ली। देशभर में मालवाहक रेलगाड़ियां अगले कुछ दिनों में बिना किसी रुकावट के अलग गलियारे में तेज गति से दौड़ पायेंगी। खास बात यह है कि यह मालगाड़ियां अभी तक ट्रैकों पर दौड़ रहीं मालगाड़ियों से ढाई गुना अधिक क्षमतावान होंगी, क्योंयकि इनकी लंबाई करीब 1500 मीटर तक होगी। इससे एक मालवाहक रेलगाड़ी में एक बार में करीब 13 हजार टन तक सामान ढोया जा सकेगा। इस तरह एक मालगाड़ी करीब 1300 ट्रकों का सामान तेज गति से पहुंचा सकेगी। ऐसा संभव होने जा रहा है भारतीय रेल के डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर द्वारा मालवाहक रेलगाड़ियों के लिए बनाये जा रहे अलग गलियारों और सिगनल, विद्युतीकरण एवं ट्रैक की नयी तकनीक के प्रयोग की वजह से। दरअसल, मालगाड़ियों के लिए अलग से बनाये जा रहे रेल गलियारों में पूर्वी गलियारे का उत्तर प्रदेश स्थित खुर्जा-भदान सेक्शन न संभवतः आगामी 2 अक्तू बर से ऑपरेशनल हो जायेगा। इस 194 किलोमीटर के सेक्शन पर मालगाड़ियों का परिचालन शुरू हो जायेगा।

खुर्जा-भदान सेक्शन पर मालगाड़ियों का कमर्शियल ऑपरेशन शुरू करने के बाद करीब 15 मालगाड़ियों को इस पर चलाया जायेगा। इससे दिल्ली - एनसीआर में आने वाली गाड़ियों की समयबद्धता पर अच्छा असर पड़ेगा। इस सेक्शन पर मालगाड़ियों की औसत गति 65 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ेंगी, जोकि अभी तक सामान्यप रूप से 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की तक रहती है। खास बात यह भी है कि डीएफसीसीआइएल के पूर्वी कॉरिडोर पर गाड़ियों के परिचालन को नियंत्रित करने के लिए प्रयागराज में एक ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर बनाया गया है, जिसमें विश्व की दूसरी सबसे बड़ी वीडियो वॉल बनायी गयी है।

जब इंटरव्यू में सिवन ने कहा-मैं सबसे पहले भारतीय



चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख डॉक्टर के सिवन को रॉकेटमैन के रूप में जाना जाता है। भारत के महत्वाकांक्षी मून मिशन के सूत्रधार के रूप में उनकी हर ओर चर्चा है। इस बीच, इसरो चीफ की एक विडियो क्लिपिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एक क्षेत्रीय समाचार चैनल के पत्रकार ने जब उनसे इंटरव्यू में तमिलनाडु के लोगों को खास संदेश देने को कहा तो सिवन ने सबसे पहले भारतीय होने की बात करते हुए हर किसी का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी यह विडियो खूब शेयर हो रहा है। जनवरी 2018 में इसरो चीफ सिवन का एक क्षेत्रीय न्यूज चैनल ने इंटरव्यू लिया। इस दौरान रिपोर्टर ने सवाल पूछा, एक तमिल के रूप में आप इतने बड़े पद पर पहुंचे हैं, तमिलनाडु के लोगों के लिए आप क्या कहना चाहते हैं? इस पर सिवन ने जवाब दिया, सबसे पहले मैं एक भारतीय हूं। मैंने एक भारतीय के रूप में इसरो जॉइन किया। इसरो ऐसी जगह है जहां सभी क्षेत्रों और अलग-अलग भाषाओं वाले लोग एक साथ काम करते हैं और अपना योगदान देते हैं। मैं अपने भाइयों के प्रति आभारी हूं, जो मेरी प्रशंसा करते हैं। ट्विटर पर सिवन के इस जवाब की जमकर तारीफ हो रही है। हैदराबाद के विश्वनाथ ने ट्वीट किया, मैं पहले एक भारतीय हूं, तमिल चैनल को दिए इस जवाब ने सभी का दिल जीत लिया। लेकिन मेरा एक सवाल है कि जब पीवी सिंधु भारत का गौरव बढ़ाती हैं तो उनके राज्य के लोग क्यों उनकी क्षेत्रीय पहचान पर खास जोर देते हैं। इस दोहरे रवैए से हम कैसे पार पायेंगे?

अशोक कुमार खन्ना हैंडल से ट्वीट किया गया, %इसरो चीफ डॉ. के सिवन ने कहा कि सबसे पहले मैं भारतीय हूं उसके बाद तमिलियन। आप पर गर्व है। एक अन्य ट्वीट में आरती मेहता नामक एक ट्विटर यूजर ने सिवन को जमीनी शख्स बताया। उन्होंने अपने ट्वीट में सिवन को ईमानदार और काम के प्रति लगनशील बताया।

फारूक अब्दुल्ला के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे एमडीएमके नेता वाईको

नयी दिल्ली। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से नजरबंद कि गये जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला के लिए एमडीएमके नेता वाईको ने सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दाखिल की है। इस याचिकी में वाइको ने कहा है, अब्दुल्ला उनके निमंत्रण पर 15 सितम्बर को होने वाले चेन्नई में पूर्व सीएम अन्नादुरई के जनमदिवस समारोह में शामिल होने के लिए तैयार हो गये थे। लेकिन जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 को निष्प्रभावी करने के सरकार के फैसले के बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। अपनी याचिका में वाइको ने आगे लिखा है, फारूक अब्दुल्ला को गैर क़ानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है। वाईको ने याचिका में लिखा है कि उन्होंने फारूक अब्दुल्ला से मिलने की इजाजत भी कश्मीर अथॉरिटी से मांगी थी लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार को निर्देश दे कि वो फारूक अब्दुल्ला को पेश करे ताकि वो चेन्नई में इस समारोह में शामिल हो सके।

बता दें कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद 6 अगस्त को मीडिया के सामने आए फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि गृहमंत्री ने संसद में झूठ बोला है कि मुझे हाऊस अरेस्ट नहीं रखा गया है। उन्होंने झूठ बोला है कि मैं अपनी मर्जी से अपने घर में हूं। बता दें इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा कि फारूक अब्दुल्ला को हाउस अरेस्ट नहीं किया गया है।

अब्दुल्ला ने जम्मू और कश्मीर पर संसद में लाये गये बिल को अंसवैधानिक बताया था और कहा कि बिल के खिलाफ वह अदालत जायेंगे। उन्होंने कहा, जैसे ही दरवाजे खुलेंगे हम बार आयेंगे हम लड़ेंगे, हम अदालत जायेंगे। हम बंदूक थामे नहीं है, न हम ग्रेनेड फेंकने वाले हैं, हम शांतिपूर्ण समाधान में यकीन रखते हैं।